## एक नजर में

### इंदौर की अनन्या राज्यपाल की एडीसी



**इंदौर.** 2022 बैच की आईपीएस अधिकारी अनन्या अवस्थी ने उड़ीसा के राज्यपाल हरी बाबू कंभमपति की एड-डी-कैंप (एडीसी) के रूप में कार्यभार संभाला. इसके साथ ही वह ओडिशा में इस पद पर नियुक्त होने वाली पहली महिला अधिकारी बन गई हैं. अपनी नियुक्ति से पहले अवस्थी कटक अर्बन पुलिस डिस्ट्रिक्ट में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के पद पर कार्यरत थीं. अनन्या इंदौर की रहने वाली है और वह मध्य प्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आशुतोष अवस्थी की बिटिया है. नियुक्ति के बाद मीडिया से बातचीत में अवस्थी ने कहा पेशेवर रूप से यह जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण पद है, जो मुझे बहुत अनुभव प्रदान करेगा. एक संवैधानिक पदाधिकारी की सेवा करना मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी दोनों की बात है. मुझे विश्वास है कि यह कई महिलाओं और युवा लड़कियों को सार्वजनिक सेवा के क्षेत्र में आने और अपने सपनों को बिना किसी डर के पूरा करने के लिए प्रेरित करेगा.

### भक्ति में पवित्रता और श्रेष्ठता का भाव होना चाहिए



**इंदौर.** भगवान और भक्ति की प्राप्ति के तीन प्रमुख साधन, श्रवण, कीर्तन और नाम स्मरण बताए गए हैं. भगवान के यहां भी हम जैसा अर्पित करेंगे, वैसा ही हमें भी वापस मिलेगा. यह नहीं समझें कि कोई हमें देख नहीं रहा है। सूर्य, चंद्रमा, तारे और नक्षत्र हमारे कर्मों पर निगरानी रखते हैं, इसलिए अपने कर्मों, विशेषकर भक्ति में पवित्रता और श्रेष्ठता का भाव होना चाहिए. इनके बिना भक्ति का सृजन संभव नहीं है. भागवत पुराण यही संदेश देने वाला दुनिया का अनुपम ग्रंथ है. ये विचार हैं बुरहानपुर के प्रख्यात भागवताचार्य पं. आदित्य मुखिया के, जो उन्होंने सोमवार को श्री दशा नीमा पंचायत ट्रस्ट द्वारा मालगंज चौराहा स्थित नवश्रृंगारित धर्मशाला भवन पर ट्रस्ट के हीरक जयंती महोत्सव एवं पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में चल रहे भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व सुशील नीमा, अनिल नीमा, महेश नीमा गामा, अजय जोहरी आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी सत्यनारायण नीमा, मंत्री कमल नीमा, राजेंद्र नीमा, सतीश नीमा मालक, गिरधर गोपाल नीमा, अशोक महेश नीमा आदि ने की. समाज की विभिन्न संस्थाओं की ओर से भी व्यास पीठ का पूजन किया. संयोजक सतीश नीमा मालक ने बताया कि कथा प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे तक होगी.

### सनातन संस्कृति का अनमोल ग्रन्थ रामचरित मानस



**इंदौर.** रामकथा भारतभूमि की विलक्षण धरोहर है जिसमें आसुरी संस्कृति के समूल विनाश और प्राणी मात्र के संपूर्ण मंगल के मंत्र भरे पड़े हैं. भगवान का कोई वर्ण या जाति नहीं है. वे सबको प्यारे हैं और बिना किसी भेदभाव के अपने भक्तों का उद्धार करते हैं. भगवान के अवतार श्रेष्ठ प्रयोजन के लिए होते हैं. रामचरित मानस भारतीय सनातन धर्म-संस्कृति का अनमोल और प्रामाणिक ग्रंथ है। राम नाम और कथा, दोनों ही अमृत हैं. ये विचार हैं आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के, जो उन्होंने सोमवार को विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के मातृशक्ति प्रकोष्ठ की मेजबानी में प्रारम्भ हुई श्रीराम कथा में व्यक्त किए. कथा शुभारंभ के पूर्व विद्याधाम परिसर में रामचरित मानस एवं आचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री की शोभा यात्रा भी निकाली गई. नाचते गाते हुए भक्तों ने कथा स्थल पहुंचकर रामचरित मानस को व्यास पीठ पर सुशोभित किया जहाँ मातृशक्ति प्रकोष्ठ की ओर से मुख्य यजमान पुष्पा-अशोक शर्मा, साधना शर्मा, भारती शर्मा, पिंकी शर्मा, सरस्वती शर्मा, शशि शर्मा, कीर्ति जोशी, स्वाति शर्मा, जया शर्मा, हेमा शर्मा, प्रीति शर्मा, रंजना शर्मा, पूनम शर्मा एवं पूर्णिमा शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के पदाधिकारियों ने व्यास पीठ का पूजन किया. प्रकोष्ठ की भारती शर्मा एवं पिंकी शर्मा ने बताया कि विद्याधाम परिसर में श्रीराम कथा का यह दिव्य आयोजन 7 जून तक प्रतिदिन शाम 3 .30 से 7 .30 बजे तक चलेगा.

### हंसदास मठ पर कल फूलों की संगीतमय होली



**इंदौर.** एयरपोर्ट रोड, पीलियाखाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ पर पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में 108 विद्वानों द्वारा महामंडलेश्वर श्रीमहंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 श्रीमद भागवत पारायण के दिव्य अनुष्ठान में बुधवार 3 जून को शाम 8 बजे से फूलों की संगीतमय होली का आयोजन रखा गया है. मंगलवार को मठ पर फल वाटिका का श्रृंगार भी किया जाएगा. मठ पर पुरुषोत्तम मास में चल रहे अनुष्ठानों के तहत भगवान पुरुषोत्तम, रणछोड़जी, पंचमुखी हनुमान, टीकमजी एवं हंसेश्वर महादेव सहित अन्य देवालयों का नियमित रूप से पुष्प श्रृंगार किया जा रहा है, वहीं प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु आकर भागवत पारायण में शामिल विद्वान ब्राह्मणों एवं भागवतजी का पूजन कर पुण्य लाभ उठा रहे हैं. पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में मठ पर प्रतिदिन पूजन-अर्चन के लिए भक्तों के समूह उमड़ रहे हैं. सोमवार को महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज, हरि अग्रवाल, कमलेश खंडेलवाल, राजा यादव, राजेश शर्मा, राजेन्द्र गर्ग एवं अशोक चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या में शर्द्धालुओं ने पूजन-अर्चन और आरती में भाग लिया. मठ पर विद्वानों द्वारा ओम नमः भगवतै वासुदेवाय तथा अन्य महामन्त्रों के जाप्यानुष्ठान का सिलसिला भी पहले दिन से ही जारी है. मठ परिसर स्थित गौशाला में भी प्रतिदिन सुबह गौसेवा करने वाले भक्तों का ताँता लगा हुआ है.

### पर्यावरण संरक्षण की शुरूआत छोटे बदलावों से



**इंदौर.** पद्म श्री डॉ. जनक पलटा मगिलिगन द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के उपलक्ष्य में, 34वें वार्षिक पर्यावरण संवाद सप्ताह 2026 के तीसरे दिन रहेजा सोलर फूड प्रोसेसिंग में सतत आजीविका के लिए जलवायु कार्रवाई पर विशेष सत्र संपन्न हुआ. इस सत्र के मुख्य वक्ता पद्मश्री डॉ. जनक पलटा मगिलिगन और वरिष्ठ समाज सेवी वीरेंद्र गोयल थे. सत्र की शुरुआत रहेजा सोलर फूड के निदेशक वरुण रहेजा के स्वागत उद्बोधन से हुई. उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा, सतत विकास और ग्रामीण उद्यमिता उनकी प्रतिबद्धता रही है. डॉ. जनक पलटा मगिलिगन ने विश्व पर्यावरण दिवस के इतिहास और महत्व, तथा जलवायु कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया. उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पर्यावरण संरक्षण की शुरुआत केवल बड़े पैमाने के अभियानों से ही नहीं होती, बल्कि हमारे दैनिक जीवन में किए गए छोटे-छोटे, सचेत बदलावों से होती है. अतिथि वीरेंद्र गोयल ने प्लास्टिक प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण और पर्यावरण से जुड़ी दूसरी चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए. उन्होंने सभी प्रतिभागियों से सिंगल-यूज़ प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने, पर्यावरण के अनुकूल विकल्प अपनाने और ज़्यादा ज़िम्मेदार व सतत जीवनशैली अपनाने का आग्रह किया. कार्यक्रम का समापन एक संवादात्मक चर्चा और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ.

# जेईई एडवांस में रिद्धेश बेंडाले रहे जोनल टॉपर

- पार्थ ने बनाई आल इंडिया में 55वीं रैंक

**इंदौर. आईआईटी रुड़की द्वारा आज जेईई एडवांस्ट के 2026 का परिणाम घोषित किये गए. इसमें शहर के दो छात्रों ने टॉप 100 में जगह बनाई. रिद्धेश बेंडाले ने ऑल इंडिया रैंक - 18 हासिल की और प्रदेश के टॉपर रहे. वहीं पार्थ माहेश्वरी ने ऑल इंडिया रैंक 55 हालिस की. इसके अलावा अन्य विद्यार्थियोंने भी टॉप एक हजार में जगह बनाई है.**

जेईई एडवांस्ड में शानदार प्रदर्शन करने वाले रिद्धेश बेंडाले ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और लगातार मॉक टेस्ट देने को दिया. उन्होंने बताया कि वह आईआईटी बॉम्बे में कंप्यूटर साइंस शाखा में प्रवेश लेना चाहते हैं और भविष्य में रिसर्च के क्षेत्र में भी संभावनाएं तलाशना चाहता है. रिद्धेश ने बताया कि मुझे गणित में विशेष रुचि है, इसलिए उसने कंप्यूटर साइंस को प्राथमिकता दी है. क फिलहाल लक्ष्य आईआईटी बॉम्बे में कंप्यूटर साइंस प्राप्त करना है. आगे परिस्थितियों के अनुसार रिसर्च के अवसरों पर भी विचार करूंगा. सफलता की रणनीति के बारे में उन्होंने कहा कि उसने वही किया जो शिक्षक और मेंटर्स लगातार बताते रहे.



रिद्धेश.

नियमित टेस्ट, उनकी समीक्षा और कमजोरियों को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया. सबसे बड़ी चुनौती केमिस्ट्री विषय रहा, विशेषकर ऐसे टॉपिक्स जिन्हें बार-बार याद करना पड़ता था. हालांकि लगातार रिवीजन और प्रश्नों के अभ्यास से इस कमजोरी को काफी हद तक दूर कर लिया गया.

### रोज 10 घंटे पढ़ाई की



पार्थ माहेश्वरी ने बताया कि सोचा नहीं था इतनी अच्छी रैंक आएगी. खुशी है इस रैंक को पाकर. मैं प्रतिदिन 10 घंटे पढ़ाई करता था. मैंने अपनी थ्योरी को मजबूत किया. जब तक आत्मविश्वास नहीं आता था तक तब सवाल का रिवीजन करता था. लगातार प्रश्नों का अभ्यास किया गया, जब तक कि प्रत्येक विषय में आत्मविश्वास विकसित नहीं हो गया. उसने बताया कि एलन संस्थान का उसे भरपूर सहयोग मिला और उसकी अधिकांश तैयारी संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई गई सामग्री, टेस्ट सीरीज और मार्गदर्शन के माध्यम से हुई. मेरा मानना है कि नियमित मेहनत, सही दिशा में तैयारी और लगातार आत्ममूल्यांकन ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता का सबसे बड़ा मंत्र है, डिसीप्लीन मेंटेन करना चुनौतीपूर्ण रहा. इस दौरान मैंने सोशल मीडिया से भी दूरी बनाए रखी. मोबाइल का इस्तेमाल भी नहीं किया. मैं आईआईटी बॉम्बे से कम्प्यूटर साइंस करना चाहता हूं. भविष्य के बारे में अभी ज्यादा सोचा नहीं है.

### विद्यार्थियों और अभिभावकों के साथ मनाया जश्न



रिजल्ट जारी होते ही एलन संस्थान में खुशियों के ढोल बज उठे. शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों और अभिभावकों को मिठाई खिलाकर बधाई दी. एलन इंदौर के 2 विद्यार्थियों ने टॉप-100 एवं 10 विद्यार्थियों ने टॉप-1000 में अपनी जगह पक्की की है. रिद्धेश बेंडाले ने एआईआर 18, पार्थ माहेश्वरी ने एआईआर 55, अन्वेश गामी ने 197, दक्ष जैन ने246, भोमिक पवार ने 263, अक्षय गोयल ने 523, आलेख जैन ने 526, अर्णव सिसोदिया ने 717, ऋषभ गुर्जर ने 817 सार्थक श्रीवास्तव ने एआईआर 932 हासिल की. एलन इंदौर के जोनल हेड डॉ. विपिन योगी ने बताया इंदौर मध्य भारत का एजुकेशन हब बन रहा है, और हमारे रिजल्ट इसका प्रमाण हैं. टॉप 10 में चयनित विद्यार्थियों में से 7 विद्यार्थी एलन पीएनसीएफ में पिछले 3-5 साल से अध्ययनरत हैं.



# मेडिकल कॉलेज परिसर में देवी अहिल्याबाई प्रतिमा की स्थापना

**इंदौर.** लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 301वीं जयंती के उपलक्ष्य में महात्मा गाँधी स्मृति मेडिकल कॉलेज परिसर में नर्सेस एसोसिएशन मध्यप्रदेश की ओर से रविवार शाम लोकमाता देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा की स्थापना राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री प्रतिनिधि अशोक गोयल एवं महापौर परिषद के सदस्य मनीष मामा के आतिथ्य में की गई.

मेडिकल कॉलेज के असेम्बली हॉल में आयोजित समारोह में मंत्री विजयवर्गीय ने देवी अहिल्या की प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि इंदौर को पूरे देश और विश्व में देवी अहिल्याबाई के सेवा कार्यों के कारण ख्याति मिल रही है. उनके आदर्शों और सेवा कार्यों ने इंदौर को दुनिया के नक़्शे पर एक सुंदर शहर के रूप में स्थापित किया है. उनके बताए रास्ते पर चलकर ही हम अपने प्रदेश और देश को विकास के क्षेत्र में नई गति प्रदान कर सकते हैं.

प्रारम्भ में मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविन्द घनघोरिया, नर्सेस एसो की प्रदेशाध्यक्ष सुश्री रेखा परमार, कार्यकारी अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा, प्रदेश सचिव बालकिशन शर्मा, संभागीय अध्यक्ष राहुल जादोन, जिला सचिव आदित्य उपाध्याय, कोषाध्यक्ष नवल विहारी शर्मा, जिला संगठन मंत्री राहुल गोयल एवं जिला संगठन के सह सचिव धर्मेश शर्मा ने सभी मेहमानों का स्वागत किया.

# शासकीय चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाया

- कार्रवाई के दौरान 35 दुकानें हटाईं

**नवभारत न्यूज**

**इंदौर.** सोमवार को तहसील मल्हारगंज के ग्राम बांक में शासकीय चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई.

यह कार्रवाई सर्वे क्रमांक 182 एवं 187/1 की लगभग 1.500 हेक्टेयर भूमि पर की गई. मौके पर टीन शेड से निर्मित गैरेज, ऑटो पार्ट्स एवं वाहन सर्विसिंग से संबंधित लगभग 35 दुकानों को हटाया गया. प्रशासनिक जानकारी के अनुसार उक्त शासकीय भूमि को कलेक्टर इंदौर द्वारा धार रोड थाना, जनपद पंचायत इंदौर तथा फायर स्टेशन के लिए आवंटित किया गया है. अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई प्रशासन, पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त रिमूवल टीम की उपस्थिति में संपन्न हुई. इस दौरान जनपद पंचायत इंदौर एवं ग्राम पंचायत बांक का अमला भी मौके पर मौजूद रहा.



# निर्माणाधीन मकान से गिरकर मजदूर की मौत

**इंदौर.** लसुड़िया थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां एक निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान ऊंचाई से गिरकर एक मजदूर की असमय मौत हो गई. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है.

हादसा लसुड़िया थाना क्षेत्र के देवास नाका इलाके में हुआ. मृतक का नाम गोलू पिता राजाराम (32) निवासी वृंदावन कॉलोनी, देवास नाका बताया गया है. गोलू पेशे से मजदूर था और क्षेत्र में ही एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहा था. काम के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से वह ऊंचाई से सीधे नीचे आ गिरा. ऊंचाई से गिरने के कारण गोलू को सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं. हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद साथी मजदूर और ठेकेदार उसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल लेकर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी. अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. हादसे की सूचना मिलने पर लसुड़िया थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया.

### शराबी की संदिग्ध मौत

शेरसिंह पिता उमेश सिंह 45 साल निवासी उज्जैन नाका बाणगंगा को परिजन बेहोशी की हालत में बड़े अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई. बताया जाता है कि शेर सिंह शराब पीने का आदी था. प्रारंभिक जांच में हार्ट अटैक की आशंका बताई जा रही है. फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है.

# कनाड़िया पुलिस ने पिस्टल के साथ युवक को दबोचा

- गंभीर वारदात की फिराक में घूम रहा था आरोपी
- देशी पिस्टल व कारतूस सहित बाइक जब्त

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** कनाड़िया पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को देशी पिस्टल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी किसी गंभीर वारदात को अंजाम देने की फिराक में इलाके में घूम रहा था.

डीसीपी जोन 2 अमन सिंह राठौड़ ने बताया कि शनिवार 30 मई को मुखबिर सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने इंदौर पब्लिक स्कूल ईस्टर्न कैंपस के सामने खाली मैदान के पास घेराबंदी कर आरोपी अनिकेत उम्र 23 साल निवासी बंगाली कॉलोनी खजराना को पकड़ा. तलाशी लेने पर उसके पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस और करीब 90 हजार रुपए कीमत की मोटरसाइकिल बरामद हुई. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है. उससे सघन पूछताछ की जा रही है, जिससे अन्य आपराधिक गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलने की संभावना है.





# 10 शातिर बदमाशों पर कार्रवाई : 7 जिलाबदर, 3 को थाना हाजिरी के आदेश

- आदतन अपराधियों पर रासुका के तहत कसा शिकंजा

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर,** कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर 10 कुख्यात बदमाशों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है. इनमें से 7 बदमाशों को जिलाबदर किया है, जबकि 3 अन्य को निर्बंधन आदेश जारी कर नियमित थाना हाजिरी के लिए पाबंद किया है.

शहर में लगातार बढ़ती आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने आदतन अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की है, पुलिस आयुक्त को विभिन्न जोन से मिले प्रतिवेदन के आधार पर जांच और विचारण के बाद यह निर्णय लिया. जिन बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई की गई, वे लंबे समय से हत्या, मारपीट, लूट और अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त रहे हैं और पूर्व में भी उनके खिलाफ कई प्रकरण दर्ज हैं. प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बावजूद इन बदमाशों की गतिविधियों में सुधार नहीं आया और ये लगातार क्षेत्र की शांति और कानून व्यवस्था को प्रभावित कर रहे थे. इसे देखते हुए पुलिस ने रासुका के तहत कार्रवाई करते हुए 7 बदमाशों को 3 से 6 माह की अवधि के लिए इंदौर जिले सहित सीमावर्ती जिलों की राजस्व सीमा से निष्कासित कर दिया है. इस दौरान कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने स्पष्ट कहा है कि आदेशों का उल्लंघन करने पर संबंधित बदमाशों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी. इस पूरे प्रकरण में शासन की ओर से एडीपीओ अजय प्रताप बुंदेला ने पैरवी की.

### इन बदमाशों पर की गई कार्रवाई

जिलाबदर किए गए बदमाशों में इमरान उर्फ बच्चा, विजय उर्फ लाला, सुमित उर्फ सरदार, विकास उर्फ विक्का, ऋषभ उर्फ कालू, राजेश उर्फ राजा और विजय उर्फ बल्लू शामिल हैं. इसके अलावा 3 अन्य बदमाशों- सुमित उर्फ लड्डू, लोकेश उर्फ प्यानो और कार्तिक उर्फ कारतूस के खिलाफ निर्बंधन आदेश जारी किए हैं. इन्हें निर्धारित अवधि तक संबंधित थाने में नियमित हाजिरी देना अनिवार्य किया है. साथ ही किसी भी आपराधिक गतिविधि में शामिल न होने और शहर की शांति भंग न करने की सख्त शर्तें लागू की गई हैं.







# टैलेंट शो के आडिशन में हर उम्र के प्रतिभागियों ने दिखाया उत्साह

- ग्रेंड फिनाले 14 जून को

**इंदौर. संगीत सेवा सहारा द्वारा क्रिश्चियन कॉलेज में आयोजित केकेसी टैलेंट शो में 180 से अधिक प्रतिभागियों ने आडिशन दिये. विभिन्न राउंड मे हुए ऑडिशन में मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखण्ड, गुजरात, महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों से हर उम्र के लोगों ने उत्साह से भाग लिया.**

आयोजक दीपक पाठक और रेखा रावल ने बताया कि देश के कलाकारों को आगे बढ़ाने के लिए यह आयोजन किया गया. पहले 2 राउंड के बाद सेमी फायनल के राउंड हुए जिसमे 76 प्रतिभागियों ने आडिशन दिये. सभी ने फिल्मी गीतों के मुखड़े और अंतरे गाकर अपनी प्रतिभा से जजेस को प्रभावित किया. अब सीजन 1 ग्रेंड् फिनाले आगामी 14 जून को होगा. ऑडिशन के सभी राउंड इंदौर मे होंगे, इसमें किसी भी उम्र के गायक कलाका भाग ले रहे है. प्रथम विजेता को 51,000 हजार एवं टीसीरिज मे लांचिंग, द्वितीय विजेता को 25,000 हजार, तृतीय विजेता को 11,000 हजार एवं रेड रिबन चैनल मे लांचिंग का अवसर प्रदान किया जायेगा. साथ ही अलर्ट एवं द्वितीय रनरअप को 8,000 एवं 5,000 हजार का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा.

## एक नजर में

### मन की आंखों से सुनाई दृष्टिहीन कवियों ने कविताएं

# कोई सूरज कोई तारा नहीं देखा, किस रंग का होता है उजाला नहीं देखा

**इंदौर. कलमकार मंच एवं सत्य ज्योति फांउडेशन के द्वारा आयोजित दृष्टिबाधित कवि सम्मेलन में देश के जाने माने आंखों की रोशनी खो चुके कवियों नें अनूठे कवि सम्मेलन में मन की आंखों से एक से बढ़कर शानदार कविताओं का पाठ किया. प्रेस क्लब सभागार तालियों की गडगहाट से गूंजता रहा.**

सम्मेलन की शुरुआत मथुरा-वृंदावन से आये देश के दिग्गज कवि- रामखिलाडी स्वदेशी ने की. उन्होंने अपनी कविता में कहा - जिदंगी मेरी एक कहानी तो है, इस लहू में अभी तक रवानी तो है, मेरी आंखों में बेशक नही रोशनी, किंतु आंखों में दो बूंद पानी तो है. आगरा से आई प्रख्यात कवियत्री डॉ. आरिफा शबनम ने कहा- बताते है तुम्हें हम दोस्तों क्या देख पाते है, अंधेरे दिल में उम्मीदों के दीपक जगमगाते है, तुम अपनी आंख से रंगीनियां देखों जमाने की, हमारी बंद आंखों से नजर घनश्याम आते हैं. फिर उन्होंने कहा मैनें कोई सूरज, कोई तारा नही देखा किस रंग का होता है उजाला नहीं देखा, सुनते है कि अपने ही थे घर लूटने वाले, अच्छा हुआ मैने यह तमाशा नही देखा. लखनऊ से आई कवियत्री पं विजय लक्ष्मी ने कहा- मैं जिंदगी को जिंदगी मुझको आजमाती रही, खुश हूं कभी यह जिंदगी मुझसे रुठ जाती है, पांव में पड़े है छाले चला जाता भी नही, एकदम से आगे बढ़कर दौड़ जाती जिंदगी. फिरोजाबाद से आये कवि खलील गुमनाम ने कहा- सच से मुंह मोड़ने से क्या होगा, यह जहां छोड़ने से क्या होगा, अपने चेहरे की धूल साफ करो, आइना तोड़ने से क्या होगा. इंदौर के नेत्रहीन कवि डॉ.मनीष चौधरी ने कहा कि लोग क्यों फरेब देते है, सभी के दिल को, उधेड़ देते है, जमाने मे मुसीबतों के पहाड़ है, फिर भी फरेब देते है.







### ने झुकेगी लेखनी मेरी...

संचालन करते हुए कवि सत्येन वर्मा सत्येन ने कहा कि क्या खरीदेंगे हिम्मत तुम्हारी नही, आरती कुसीयों की उतारी नहीं झुकी न झुकेगी मेरी लेखनी, स्वाभिमानी है यह चाटूकारी नहीं. समारोह के अतिथि सुभाष खंडेलवाल, एस एन गोयल, पूर्व मंत्री दिलीप राजपाल, अजय चोरडिया थे. प्रारंभ में अतिथि का स्वागत कलमकार मंच के अध्यक्ष डॉ .पंकज विरमाल, संजय श्रीमाल, कैलाश खंडेलवाल, मुरली खंडेलवाल, सुखदेव खरबडीकर, अनीता पटेल ने किया. आभार सत्य-ज्योति फांउडेशन की सचिव ज्योति मेश्राम ने माना।